**N. L. Dalmia**
**High School**

## THIRD PRELIMINARY EXAMINATION

**HINDI**

Class : X | Marks : 80 / Pgs 4

Date : 25.01.2020 | Time : 3 Hrs

*Answer to this paper must be written on the paper provided separately.*
*You will NOT be allowed to write during the first **15 minutes**.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

**SECTION A (40 Marks)**
**Attempt all questions**

Question 1

Write a short composition in Hindi of approximately 350 words on any one of the following topics

**प्र १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए जो कम से कम ३५0 शब्दों में हो :-**


१. यदि आप समाज सुधारक होते तो समाज में फैली किन-किन बुराइयों को दूर करते ?

२. देश के लिए प्राण देना ही देशभक्ति नहीं है। उसकी प्रत्येक वस्तु से प्यार, उसकी सुरक्षा, उसके प्रति समर्पण और अपने कर्त्तव्यपालन ये सब देशभक्ति के ही लक्षण हैं। क्या आप इस तर्क से सहमत हैं?

३. दूसरों को उपदेश देना जितना सरल है, उतना ही कठिन है - उस उपदेश पर आचरण करना। इस संबंध में अपने विचारों को शब्दबद्ध कीजिए।

४. "निर्धनता एक अभिशाप है" - उक्ति पर एक कहानी लिखिए।

५. प्रस्तुत चित्र को देखकर आपके मन में उठ रहे विचारों का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।



Contd...pg2

Scanned with CamScanner

Question 2
Write a letter in Hindi in approximately 120 Words on any one of the topics Given below:

२.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में १२० शब्दों में पत्र लिखिए । (७)

१. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाने का निवेदन करते हुए पत्र लिखिए |

२. विदेश में रह रहे मित्र को नागरिकता कानून के विषय में जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए |

Question 3
Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own word as far as possible (१०)

३. नीचे लिखें गद्यांश को ध्यान से पढ़िये और प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

गंगा के साथ भगीरथ का नाम जुड़ा है। यमुना के साथ कृष्ण की बाल-लीलाएँ जुड़ी हैं। अन्य नदियों के साथ भी कोई-न-कोई कथा जुड़ी है। नर्मदा के साथ भी इसी प्रकार की कई कथाएँ जुड़ी हैं। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में सतपुड़ा पर्वतमाला है। इसकी लगभग एक हजार मीटर की ऊँचाई पर अमरकंटक स्थित है। यहाँ से दो प्रसिद्ध नदियाँ नर्मदा और सोन निकलती हैं। नर्मदा जिस कुंड से निकलती है, उसे 'कोटितीर्थ-कुंड' कहते हैं। इस कुंड से जो जलधारा पश्चिम की ओर बहती है, वह 'नर्मदा' कहलाती है। ऊँची पहाड़ियों से पूर्व की ओर बहने वाली धारा 'सोन' कहलाती है। कहते हैं, एक बार सोन नर्मदा से विवाह का प्रस्ताव लेकर आया था। नर्मदा ने सोन का यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया क्योंकि वह तो विवाह करना ही नहीं चाहती थी। सोन का हठ देख वह उससे रूठकर पश्चिम की ओर चल दी। निराश सोन क्या कर सकता था ? वह हताश होकर पूर्व की ओर बह चला। आज भी लोक जीवन में सोन को पुरुषवाचक और नर्मदा को स्त्रीवाचक रूप में जाना जाता है। शायद, इसी कारण नर्मदा आज भी 'चिरकुमारी' मानी जाती है। नर्मदा कुंड से पाँच किलोमीटर दूर कपिलधारा तक नर्मदा केवल एक छोटी धारा के रूप में बहती है। यहाँ यह लगभग 35 मीटर नीचे की ओर गिरकर एक सुंदर जलप्रपात का रूप धारण कर लेती है। इसे 'कपिलधारा' कहते हैं। इस जलप्रपात के चारों ओर दूर-दूर तक विस्तृत हरियाली हमारा मन मोह लेती है। यहाँ कुछ गुफ़ाओं और चट्टानों को काटकर आश्रम बनाए गए हैं। कहते हैं, यहाँ कपिल मुनि ने तपस्या की थी। यहीं से नर्मदा बड़ी नदी का रूप धारण कर लेती है। ढिंढोरी, मंडला और बरगी से होती हुई, जब यह जबलपुर के भेड़ाघाट पहुँचती है, तब वहाँ का दृश्य अत्यंत मनोहारी हो जाता है। यहाँ चाँदनी रात को नर्मदा में नौका विहार नहीं भुलाया जा सकता। ऐसा लगता है, मानो नर्मदा इस स्थान पर कुछ समय के लिए विश्राम कर रही हो। नर्मदा नदी के तट पर अनेक घाट बने हैं-होशंगाबाद के घाट, महेश्वर के घाट आदि। नर्मदा जिस भाग से होकर बहती है, वह गोंडवाना कहलाता है। यहाँ की अनके जनजातियों की लोक परंपरा पर नर्मदा का प्रभाव आज भी देखा जा सकता है। यद्यपि नर्मदा मध्य प्रदेश में ही बहती है, तथापि पूरे भारत की पवित्र नदी है। नर्मदा एक नदी ही नहीं, वह जन-जन की आस्था और विश्वास की प्रतीक है। वह हमारी जीवंत प्राचीन संस्कृति है।

प्रश्न-

१. नर्मदा के उद्गम के विषय में लेखक ने क्या जानकारी दी है ? (२)
२. नर्मदा के पश्चिम की ओर बहने के पीछे क्या लोककथा जुड़ी हुई है ? (२)
३. कपिलधारा किसे कहते हैं ? इसकी क्या विशेषता है ? (२)
४. नर्मदा कब और कहाँ विश्राम करती प्रतीत होती है ? (२)
५. नर्मदा हमारी जीवंत प्राचीन संस्कृति की प्रतीक किस प्रकार है ? (२)

Contd...pg3

Scanned with CamScanner

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given.**

**२ . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ः-**

**क . निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ः-** (१)

१ . आशा २ . एकता

**ख . निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ः-** (१)

१ . बाल २ . प्रेम

**ग . निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए ः-** (१)

१ . जीना जीवित २ . लजाना

**घ . निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द लिखिए ः-** (१)

१ . मुख २ . शीत

**च . निम्नलिखित मुहावरे या लोकोक्ति में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिएः-** (१)

१ . नाक में दम करना २ . यथा राजा तथा प्रजा

**छ . कोष्ठक में दिये गये निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए ः-**

१ . मेरा लक्ष् एक सफल चिकित्सक बनना है | (१)

**( वाक्य को शुद्ध करके लिखिए )** (१)

२ . अध्यापक बच्चों को पढ़ाएगा | **( सामान्य वर्तमान में बदलिए)** (१)

३ . उसने अपना नुकसान कर लिया |

**( ' बैठा ' का प्रयोग करके वाक्य को दोबारा लिखिए)**

When you are & 2 Hours

**SECTION B (40 Marks) Attempt Four question**

**साहित्यसागर ( कोई चार प्रश्न कीजिए)**

**Read the extracts given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**Question 5**

**"यह इंसाफ़ नहीं अंधेर है | सिर्फ एक अठन्नी की ही तो बात थी ! "**

**प्रश्न-**

१ . रमज़ान ने दुनिया को अंधेर नगरी क्यों कहा ? (२)

२ . रसीला पर किसने और किस आरोप पर मुकदमा दायर किया था ? (२)

३ . रसीला को अपने किस अपराध के लिए कितनी सज़ा मिली ? (३)

४ . ' बात अठन्नी का ' के शीर्षक की सार्थकता अपने शब्दों में लिखिए | (३)

**Question 6**

**'रामनिहाल हत बुद्धि अपराधी -श्यामा को देखने लगा , जैसे उसे कहीं भागने की राह न हो | "**

**प्रश्न-**

१ . रामनिहाल ने श्यामा को क्या बताया ? (२)

२ . रामनिहाल हत बुद्धि अपराधी सा क्यों हो गया ? (२)

३ . श्यामा ने रामनिहाल को क्या सुझाव दिया ? (३)

४ . प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए | (३)

**Contd...pg4**

Scanned with CamScanner

**" बड़े भोले हैं आप सरकार ! अरे मालिक , रूप- रंग बदल देने से तो सुना है आदमी तक बदल जाते हैं | फिर ये तो सियार हैं |"**

प्रश्न-

१ . उपर्युक्त कथन कौन ,किससे और क्यों कह रहा है?

२ . बूढ़े सियार ने भेड़िये का रूप किस प्रकार बदला ? (२)

३ . यह कैसी कहानी है , बूढ़े सियार ने किन तीन बातों का ख्याल रखने के लिये कहा? और क्यों ? (२) (३)

४ . सियारों को किन - किन रंगो में रंगा गया? वे किसके प्रतीक थे ? इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है? (३)

## SECTION B (एकांकी संचय)

Question 8

**" अपराध और किसका है ! सब मुझी को दोष देते हैं | मिसरानी कह रही थी बहू कैसी भी हो , पर अपने प्राण देकर उसने पति को बचा लिया है |"**

प्रश्न-

१ . यहाँ पर किसके और कौन - से अपराध की बात हो रही है ? (२)

२ . माँ ने अविनाश की बहू को क्यों नहीं अपनाया ? समझाकर लिखिए | (२)

३ . बहू ने किसे और किस बीमारी से प्राण देकर बचा लिया ? (३)

४ . संस्कार और भावना एकांकी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए | (३)

Question ९

**" मेरी मृत्यु का पर्व मनाने आए हो न , मेरी आहों का आलाप सुनने आए हो ! अरे निर्दयी ! तुम्हें किसने धर्मराज की संज्ञा दी ? जो सुख से मरने भी नहीं देता , वही धर्म का ढोल पीटे , कैसा अन्याय है ?**

पीला नीला हरा

प्रश्न-

१ . दुर्योधन की सामान्य इच्छा क्या है ?उसे किस बात की ग्लानि थी ? (२)

२ . दुर्योधन ने युधिष्टिर पर क्या आरोप लगाए ? (२)

३ . दुर्योधन का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में लिखिए | (३)

४ . प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए | (३)

Question 10

**जहाँ भगवती तुलजा उसे रखेंगी | मेरे महाराणा का नमक मेरे रक्त से भी महान है | नमक से रक्त बनता है रक्त से नमक नहीं |**

प्रश्न-

१ . उपर्युक्त कथन वक्ता ने श्रोता से कब और क्यों कहा ? (२)

२ . पन्ना के कथन का आशय स्पष्ट कीजिए | (२)

३ . पन्ना ने कीरत के हाथों उदय सिंह को सुरक्षित स्थान पर कैसे पहुँचाया ? (३)

४ . पन्ना ने उदय सिंह को बचाने के लिए किसका बलिदान दिया | (३)

.................................

Scanned with CamScanner